न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भीलवाडा जिला भीलवाडा(राज0)

श्री संतोष **बनाम** श्रीमति गीता देवी डाड वगै0

धारा 111—128 एल0आर0एक्ट

मुकदमा 233/2022

17.05.2022 पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी अधिवक्ता की प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। निर्णय संलग्न है। प्रकरण निर्णित शुमार हो नम्बर से कम किया जावे।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी ओम प्रभा आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर–233/2022 राजस्व प्रार्थना पत्र

उनवान

1. श्री संतोष पुत्र मांगीलाल शारदा, निवासी काशीपुरी भीलवाडा तहसील व जिला भीलवाडा।

**– प्रार्थी**

**बनाम**

1. श्रीमति गीता देवी पत्नि श्री सत्यनारायण डाड, निवासी बाजार नं0 02 भोपालगंज भीलवाडा तहसील व जिला भीलवाडा।
2. श्रीमति रीना पत्नि श्री संजय डाड, निवासी वर्द्धमान कालोनी भीलवाडा तहसील व जिला भीलवाडा।
3. नगर विकास न्यास भीलवाडा।

**–विपक्षीगण**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

निर्णय

**दिनांक 17.05.2022**

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज0भू0राज0 धिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम जीपिया प0ह0 मालोला 0अ0नि0 सांगानेर तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 307/1 रकबा .2908 हैक्टेयर आ0नं0 308/1 रकबा 0.3541 हैक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा .6449 हैक्टेयर भूमि का खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त आराजियात की भूमि के पक्षीगण पडौसी है। प्रार्थी एंव विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही ोने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते ी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी े आदेश प्रदान कराया जावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता की हस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन् किया। जमाबन्दी म्वत् 2069 से 2073 ग्राम जीपिया प0ह0 मालोला भू0अ0नि0 सांगानेर तहसील व जिला ीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 307/1 रकबा 0.2908 हैक्टेयर आ0नं0 308/1 रकबा .3541 हैक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.6449 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी कराने के धिकारी है। इस आदेश से किसी भी पक्षकार का अभिलेख में किसी प्रकार हक व धिकार तय नही होते है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः ैसंर्गिक सिद्धान्त के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है। अतःएंव

**...खण्ड अधिकारी**
**भीलवाडा**

// आदेश //

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा–111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत स्वीकार किया जाकर ग्राम जीपिया प0ह0 मालोला भू0अ0नि0 सांगानेर तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 307/1 रकबा 0.2908 हैक्टेयर आ0नं0 308/1 रकबा 0.3541 हैक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.6449 हैक्टेयर भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। राजकीय पत्थरगढी शुल्क 150/–रूपये तहसीलदार भीलवाडा के यहाँ संबंधित मद में प्रार्थी जमा करावे। पत्थरगढी किये जाने के लिये **भू0अ0निरीक्षक सांगानेर 500/–रूपये (पांच सौ रूपये)** कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर विपक्षीगण को विधिवत सूचना देकर उन्हे मौके पर उपस्थित रहने हेतु अवगत करावे। कमिश्नर फीस प्रार्थी मौके पर जमा करावें। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की उपस्थिति में ही पत्थरगढी की जावें। पत्थरगढी करने के पश्चात यदि यह पाया जाता है कि प्रार्थी की भूमि पर अन्य काश्तकार का या किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थीया को विधिवत कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतंत्र है। यदि प्रार्थी की उपरोक्त खातेदारी भूमि के संबंध में अन्य न्यायालयो में कार्यवाही विचाराधीन होने एंव स्थगन होने पर पत्थरगढी कार्य नही किया जावे।

अतः भू0अ0नि0 सांगानेर जो कि उक्त प्रकरण में कमिश्नर है, मौके पर उपस्थित प्रार्थी व विपक्षीगण की उपस्थिति में पत्थरगढी की जाकर पर्चा मौका मय मानचित्र प्रस्तुत करे।

पत्थरगढी किये जाने के लिये तहसीलदार भीलवाडा को पालना हेतु लिखा जावे।

(ओम प्रभा)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

निर्णय आज दिनांक 17.05.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा